एक नजर में

धामनोद में शराब तस्करी का बड़ा खेल उजागर, ठेकेदारों की भूमिका पर सवाल

धामनोद। जिले में अवैध शराब परिवहन कोई छोटी-मोटी तस्करी नहीं, बल्कि सुनियोजित नेटवर्क का हिस्सा है — इसका संकेत धामनोद पुलिस की ताज़ा कार्रवाई से साफ़ मिलता है। परमिट में दर्ज वाहन नंबर कुछ और, जबकि शराब सड़क पर किसी दूसरे वाहन से ढोई जा रही थी। सवाल यह है कि यह खेल बिना अंदरूनी मिलीभगत के कैसे चल रहा था ? 31 जनवरी 2026 को मुखबिर की सूचना पर धामनोद पुलिस ने एबी रोड स्थित कुंदा फाटा के पास सर्विस रोड पर खड़े एक सफेद पिकअप वाहन *MP-®~DJ-1332* को घेराबंदी कर रोका। वाहन में भरी थी भारी मात्रा में बीयर — और उससे भी भारी नियमों की अनदेखी। जांच में सामने आया कि शराब परिवहन के लिए जिस वाहन का परमिट जारी था, वह मौके पर मौजूद ही नहीं था। यानी परमिट एक, वाहन दूसरा — साफ़ तौर पर आबकारी नियमों को ठेंगा। पुलिस को देखकर वाहन सवार दोनों आरोपी भागने लगे, लेकिन मौके पर ही दबोच लिए गए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान — गोपाल मीणा (इंदौर) महेंद्र सोलंकी (खरगोन)वाहन की तलाशी में 240 पेटी बीयर (लगभग 2973 बल्क लीटर) बरामद की गई, जिनकी कीमत करीब 6.74 लाख रुपये बताई गई है। इसके अलावा लगभग 6 लाख रुपये का पिकअप वाहन भी जब्त किया गया। कुल मिलाकर 12.74 लाख रुपये की जब्ती। यह कोई सामान्य सप्लाई नहीं मानी जा रही। इतनी बड़ी मात्रा में बीयर का परिवहन बताता है कि मामला ठेकेदार, ट्रांसपोर्टर और संभवत: लाइसेंसधारकों तक फैला हो सकता है। बड़ा सवाल यह है कि गलत वाहन को परमिट कैसे मिला? चेकिंग के दौरान यह गाड़ी अब तक कैसे बचती रही ? क्या यह पहली खेप थी या पहले भी ऐसी सप्लाई हो चुकी है? पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत अपराध क्रमांक 44/2026 दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अब निगाहें इस पर टिकी हैं कि जांच केवल ड्राइवर और हेल्पर तक सिमटेगी या फिर ठेकेदारों और परमिट जारी करने की प्रक्रिया तक पहुंचेगी। इस कार्रवाई को पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देशन में अंजाम दिया गया। मौके पर थाना प्रभारी प्रवीण ठाकरे सहित पुलिस टीम की भूमिका सराहनीय रही, लेकिन असली परीक्षा अब शुरू हुई है — नेटवर्क तक पहुंचने की।

रंगपुरा में कपास से भरा ट्रक पलटा

झाबुआ। 1 फरवरी, रविवार सुबह शहर से सटे रंगपुरा में कल्याणपुरा रोड पर कपास से भरा ट्रक असंतुलित होकर पलटी खा गया। दुर्घटना की सूचना ट्रेफिक पुलिस एवं होमगार्ड विभाग की सिविल डिफेंस टीम को मिलने पर मौके पर पहुंचकर मद्द की गई। ट्रेफिक प्रभारी कमल मिंदल एवं सिविल डिफेंस चीफ पं. द्विजेन्द्र व्यास के नेतृत्व में घायलों की मद्द करते हुए उन्हें उपचार हेतु जिला चिकित्सालय पहुंचवाया। वहीं क्रेन की मद्द से पलटे ट्रक को सीधा करने का कार्य किया गया। दुर्घटना में कोई बड़ी घटना होने की जानकारी नहीं मिली है।

मातंगी धाम पर 19वां पाटोत्सव का हुआ आयोजन

झाबुआ। शहर के राजगढ़ नाका पर कृषि विभाग के पीछे बालाजी धाम स्थित मातंगी धाम पर 31 जनवरी, शनिवार को मोढ़ ब्राह्मण समाज द्वारा मंदिर के पाटोत्सव पर एक दिवसीय विभिन्न आयोजन किए गए। सभी आयोजन मातंगी पारमार्थिक ट्रस्ट द्वारा आयोजित हुए। जानकारी देते हुए ट्रस्ट से जुड़े राकेश त्रिवेदी ने बताया कि 31 जनवरी, शनिवार सुबह 9 बजे से मातारानी का अभिषेक बाद श्रृंगार किया गया। देवपूजन कर नवचंडी यज्ञ का आयोजन हुआ। दोपहर 12.30 बजे यज्ञ की पूर्णाहूति पर माताजी की महाआरती की गई। हवन के मुख्य यजमान एवं महाआरती के लाभार्थी राकेश त्रिवेदी परिवार एवं सह-लाभार्थी हेमेंद्र त्रिवेदी, मातारानी के वेशभूषा का लाभ लोकेंद्र त्रिवेदी इंदौर तथा श्रृंगार दीपा कपिल जानी परिवार की ओर से किया गया। दोपहर 1.30 से 3 बजे तक समाजजनों ने महाप्रसादी का लाभ प्राप्त किया।

केंद्रीय बजट विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने वाला है : चंचल पाटीदार

मनावर- भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्धारित संगठनत्मक कार्यक्रम के निर्माता प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी जी की अध्यक्षता में लोकसभा सदन में वर्ष 2026-27 विकसित और समृद्ध भारत के लिए केंद्रीय बजट केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी के द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसका सीधा प्रसारण भाजपा ग्रामीण धार जिला कार्यालय मनावर में दिखाया गया। जिसमें पार्टी ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार एवं समस्त वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी केंद्रीय बजट का सीधा प्रसारण सुनने के लिए उपस्थिय रहे। भाजपा ग्रामीण जिला मीडिया प्रभारी विजय राठौर ने बताया कि जिले के सभी 21 मंडलों में निर्धारित स्थानों पर केंद्रीय बजट का सीधा प्रसारण आयोजित किया गया। जिसमें सभी बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता एवं जनता शामिल हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार ने कहा कि यह केंद्रीय आम बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में प्रस्तुत होने वाले 80 वें केंद्रीय बजट के संदर्भ में विकसित भारत ञ2047 के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से केंद्रीय बजट 2026 के जनहितकारी है। यह बजट की विशेषताओं को आमजन तक पहुँचाने की रणनीति पर मार्गदर्शन दिया है। केंद्रीय बजट 2026 विकास, विश्वास और जनकल्याण के मूल मंत्र पर आधारित हुआ। जो भारत को वर्ष 2047 तक एक सशक्त, आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत होने वाला यह बजट समाज के सभी वर्गों—किसान, महिला, युवा, श्रमिक एवं मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है।

32 वर्षों तक निर्बाध प्रशासनिक सेवाएं देकर सेवानिवृत्त हुए डॉ. रविन्द्र सिंह

- पीजी कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. रविन्द्र सिंह का सेवानिवृत्ति समारोह का हुआ आयोजन

झाबुआ। प्रधानमंत्री एक्सीलेंस शासकीय शहीद चन्द्रशेखर आजाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय झाबुआ में इतिहास विषय के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डॉ. रविन्द सिंह 31 जनवरी, शनिवार को सेवानिवृत्त हुए। उनके सेवानिवृत्ति पर पीजी कॉलेज प्रबंधन की ओर से संस्था प्राचार्य डॉ. जेसी सिन्हा के मार्गदर्शन में सम्मान किया गया। राजवाड़ा पर श्री राधाकृष्ण सरकार मंदिर की ओर से भी उनका भावभरा अभिनंदन हुआ।

इसी क्रम में 1 फरवरी, रविवार दोपहर 1 बजे से सज्जन रोड़ पर निजी गार्डन में विदाई समारोह एवं जन्मदिवस कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। जिसमें डॉ. रविन्द्र सिंह अपने परिवारजनों के साथ उपस्थित रहे। उनका प्रवेश द्वार पर ढोल-धमाकों के साथ स्वागत कर उन्हें आयोजनस्थल तक लाया गया। ढोल-मांदल पर डॉ. सिंहने परिवारजनों के साथ नृत्य किया। बाद सेवानिवृत्ति एवं जन्मदिवस के उपलक्ष में केक काटा गया। इसके बाद पीजी कॉलेज स्टॉफ, शासकीय कन्या महाविद्यालय स्टॉफ के साथ शहर के नागरिकों की ओर से स्वागत-सम्मान कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शहर शाखा प्रबंधक मनीष बैरागी ने डॉ. रविन्द्र सिंह के जीवनकाल पर संक्षिप्त में प्रकाश डाला। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दौलत भावसार एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. यशवंत भंडारी ने पीजी कॉलेज में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रहते हुए डॉ. रविन्द्र सिंह से मिले पूर्ण सहयोग एवं सकारात्मकता की सराहना की। सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. प्रदीप संघवी ने कहा कि डॉ. रविन्द्र सिंह ने पीजी कॉलेज में वर्ष 2002 से सेवाएं देते हुए अपने प्रशासनिक कर्तव्यों को पूरी ईमानदारी एवं जिम्मेदारी से निर्वहन किया। पीजी कॉलेज प्राचार्य डॉ. जेसी सिन्हा ने संक्षिप्त व्यक्तव्य में बताया कि उनका एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डॉ. रविन्द्र सिंह का आपसी तालमेल काफी मिलनसार एवं अच्छा रहा। कॉलेज में हर गतिविधियों एवं कार्यक्रमों में संस्था प्राचार्य डॉ. सिन्हा के साथ डॉ. रविन्द सिंह की पूर्ण सहभागिता एवं मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। भाजपा के वरिष्ठ नेता पं. महेन्द्रकुमार तिवारी ने डॉ. रविन्द्र सिंह को काफी सेवाभावी एवं मिलनसार बताया। शासकीय कन्या महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अंजना सोलंकी ने कहा कि डॉ. सिंह की कुल 32 वर्षों तक निर्बाध प्रशासनिक यात्रा रहीं। आप वर्तमान में पीजी कॉलेज में इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष होने के साथ वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के रूप में पदस्थ रहते हुए सेवानिवृत्त हुए। नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेष बिट्टू सिंगार ने कहा कि डॉ. रविन्द्र सिंह शैक्षणिक जीवनकाल में उनके गुरू और मार्गदर्शक रहे है। डॉ. रविन्द्र सिंह ने 3 नवंबर 1993 से प्रशासनिक सेवा की शुरूआत की एवं 31 जनवरी 2026 को सेवानिवृत्त हुए।

> **पुष्पमाला एवं शाल-श्रीफल से किया सम्मान**
>
> समारोह में डॉ. रविन्द्र सिंह का पुष्पमाला, पुष्प गुच्छ, शाल-श्रीफल से अभिनंदन करने के साथ शहर के गणमान्यजनों द्वारा उन्हें सेवानिवृत्ति एवं जन्मदिवस पर शुभकामनाएं देते हुए उपहार भी भेंट किए और उनकी प्रशासनिक सेवाकाल की मुक्त कंठ से सराहना की। साथ ही सेवानिवृत्ति बाद उज्जवल भविष्य हेतु मंगलकामना की। गरिमामय समारोह में शहर के विभिन्न क्षेत्रो से जुड़े लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में सभी के प्रति आभार डॉ. रविन्द्र सिंह एवं उनके परिवारजनों ने माना।

केंद्र सरकार का बजट देश की जनता के हित वाला : पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष भावसार

- केंद्रीय बजट सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय से परिपूर्ण - : भाजपा जिला मंत्री दीपेश बबलू सकलेचा
- राजवाड़ा पर जिला भाजपा एवं भाजपा मंडल झाबुआ ने भारत सरकार के बजट का लाईव प्रसारण देखा

झाबुआ। केंद्र सरकार ने 1 फरवरी, रविवार को देश के लिए बजट जारी किया। यह बजट केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतासरन ने प्रस्तुत किया। जिला भाजपा एवं भाजपा मंडल झाबुआ ने रविवार सुबह 10.30 बजे से स्थानीय राजवाड़ा पर एलईडी पर लाईव प्रसारण के माध्यम से इस बजट को देखा एवं काफी सराहा।

केंद्रीय बजट पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दौलत भावसार ने कहा कि यह बजट देश की जनता के हित वाला है। जिसमें विशेषकर गरीब एवं मध्यम वर्ग का ध्यान रखा गया है। केंद्र सरकार द्वारा कई जरूरी सामग्रीयों के दामों में कमी करने के साथ छूट प्रदान की गई है। बेरोजगारों को रोजगार देने की घोषणा की गई है। बजट सर्वहारा वर्ग का ध्यान रखते हुए प्रस्तुत किया गया है। भाजपा जिला मंत्री दीपेश बबलू सकलेचा ने कहा कि केंद्रीय बजट सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय से परिपूर्ण है। जिसमें हर वर्ग को ध्यान रखते हुए उनके लिए कार्ययोजना बनाई गई है। विशेषकर इस बजट का सीधा लाभ निर्धन एवं मध्यम वर्ग के साथ किसान वर्ग को भी मिलेगा। राजवाड़ा पर लाईव प्रसारण के माध्यम से इस बजट को भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री विजय चौहान, भाजपा खेल प्रकोष्ठ संयोजक शैलेष बिट्टू सिंगार, जिला कार्यालय मंत्री मनोहर मोदी, पूर्व जिला कार्यालय मंत्री एवं पार्षद पं. महेन्द्रकुमार तिवारी, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजय पोरवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर पाठक, मंडल महामंत्री राजेश थापा, मंडल पदाधिकारी मितेश गादिया, किशोर भाबोर, अजय अमरू डामोर, रमण कनेश के साथ आम नागरिकों द्वारा भी देखकर सराहना की गई।

बदनावर सिविल अस्पताल में चार माह बाद शुरू हुई सीटी स्कैन सुविधा, मरीजों को मिली बड़ी सहायता

बदनावर. सिविल अस्पताल में लंबे समय से बंद पड़ी सीटी स्कैन मशीन की मरम्मत पूरी होने के बाद पुन: संचालन शुरू हो गया है, जिससे क्षेत्र के मरीजों को बड़ी राहत मिली है और अब उन्हें जांच के लिए दूसरे शहरों की ओर भटकना नहीं पड़ेगा। बिजली लाइन में आए तकनीकी फॉल्ट के कारण मशीन के कई महत्वपूर्ण और महंगे उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिसके चलते यह सेवा लगभग चार महीने तक बाधित रही। संबंधित कंपनी द्वारा मरम्मत के लिए करीब आठ लाख सत्तर हजार छह सौ चौंसठ रुपये का अनुमान प्रस्तुत किया गया था, लेकिन रोगी कल्याण समिति के पास पर्याप्त धनराशि उपलब्ध नहीं होने के कारण कार्य में देरी होती रही। इस स्थिति को देखते हुए प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने भोपाल में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक राशि स्वीकृत कराने का आग्रह किया, वहीं स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी लगातार पत्राचार किया गया। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप शासन ने मरम्मत के लिए निर्धारित राशि जारी की, जिसके बाद कंपनी ने मशीन को दुरुस्त कर दोबारा चालू कर दिया। अब अस्पताल परिसर में ही सीटी स्कैन जांच की सुविधा उपलब्ध होने से आसपास के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के मरीजों को सीधा लाभ मिल रहा है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसएल मुजाल्दा ने जानकारी देते हुए बताया कि मशीन की सेवाएं सुचारु रूप से प्रारंभ हो चुकी हैं और रोगी कल्याण समिति की बैठक में निर्णय लेकर जांच शुल्क को पहले के एक हजार रुपये से बढ़ाकर पंद्रह सौ रुपये निर्धारित किया गया है, जबकि निजी संस्थानों या अन्य शहरों में यही जांच तीन हजार रुपये तक में कराई जाती है। वर्ष 2021 में कोरोना महामारी के दौरान लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से स्थापित यह मशीन पूरे तहसील क्षेत्र की एकमात्र सरकारी सीटी स्कैन सुविधा है, जिसके संचालन के दौरान प्रतिदिन छह से अधिक मरीज जांच कराते थे।



> मशीन के खराब होने के बाद लोगों को बड़नगर, रतलाम, धार और उज्जैन जैसे शहरों में जाना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त हानि होती थी। वर्तमान में मशीन के पुन: प्रारंभ होने से यह समस्या समाप्त हो गई है और स्थानीय नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो सकी हैं। डॉ. मुजाल्दा ने यह भी बताया कि अस्पताल में डायलिसिस और सोनोग्राफी जैसी सुविधाएं पहले से संचालित हैं, लेकिन अनुभवी डॉक्टरों और रेडियोलॉजिस्ट की कमी बनी हुई है, जिसके लिए शासन को अवगत कराया गया है और शीघ्र नियुक्ति की मांग की गई है, ताकि भविष्य में मरीजों को संपूर्ण और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं एक ही स्थान पर मिल सकें।

श्रीराम लक्ष्मीनारायण मंदिर की 48 वीं वर्षगाठ महोत्सव का आयोजन

नागदा (धार)। श्री दामोदर वंशीय जूना गुजराती दर्जी समाज के स्थानीय श्रीराम लक्ष्मीनारायण मंदिर की 48 वीं वर्षगाठ महोत्सव का आयोजन शनिवार को क्षेत्र के समाजजनों की उपस्थिति मे हर्षोल्लास के साथ नागदा में मनाया गया।

मंदिर में अभिषेक, हवन-पूजन का लाभार्थी भेरुलाला सोलंकी परिवार नागदा रंगाराखेडी, मंदिर के षिखर पर ध्वजा चढ़ाने के लाभार्थी कैलाष सिसोदिया परिवार सादलपूर, भगवान की आरती करने के लाभार्थी कैलाष परमार परिवार खैरोद, चंवर डुलाने के लाभार्थी नंदकिषोर सोलंकी परिवार ताजपुर, प्रसादी के लाभार्थी बाबुलाल पंवार परिवार बिडवाल, पौषाख एवं छप्पन भोग के लाभार्थी लक्ष्मीनारायण चावडा परिवार लेबड थे।

पं. रविकांत दुबे द्वारा मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक व हवन-पूजन का कार्य संपन्न कराया। अगले वर्ष की वर्षगांठ के लिए अभिषेक, हवन-पूजन का लाभ रतनलाल चैहान परिवार सादलपूर, मंदिर के षिखर पर ध्वजा चढ़ाने का लाभ रमेषचन्द्र बालकृष्ण परिवार बखतग?-इंदौर, भगवान की आरती करने का लाभ भेरुलाल सोलंकी परिवार रंगाराखे?ी, चंवर डुलान का लाभ दिनेष मकवाना परिवार रायपूरिया, पौषाख एवं छप्पन भोग का लाभ नंदकिषोर सोलंकी परिवार ताजपूर, प्रसादी का लाभ अनिल पटेल दर्जी करा?या ने लिया।

समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्रा राम-राजेष सोलंकी, संध्या-राजेष परमार, कृतिका आषीष सोलंकी, तनिष्क राजेष परमार, भविष्य-महेष सोलंकी, पूर्वा-दीपक सोलंकी, विधि-सुनिल मकवाना, षिखा-महेष परमार का समाज द्वारा शील्ड व उपहार भेंट कर सम्मान किया गया। स्व.हीरालाल सोलंकी की स्मृति मे अषोक सोलंकी परिवार द्वारा उपहार भेंट किए गए ।

> इस अवसर पर श्री टेकचंदजी महाराज रजि. ट्रस्ट क?छा-उज्जैन प्रदेष अध्यक्ष अमित चैहान, ट्रस्टीगण सहित पहुँचकर आयोजन मे सम्मिलित हुए। अध्यक्ष चैहान एवं ट्रस्टीगणो व सोहन चौहान का सम्मान साफा एवं शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।
>
> सभी लाभार्थियों एवं अतिथियों का सम्मान अध्यक्ष सोहनलाल चावडा, युवा संगठन समाज अध्यक्ष महेष सोलंकी, कोषाध्यक्ष सोमेष्वर सोलंकी, मीडिया प्रभारी अषोक सोंलकी, सचिव कपिल परिहार, सहसचिव कान्हा सोलंकी, दुर्गेष चैहान, मनोज चैहान, सुनिल चाव?ा, तेजमल सोलंकी, दिनेष चावडा प्रतीक चावडाद्वारा प्रसष्ती पत्र, शाल, श्रीफल भेंट कर किया गया। आरती मंदिर पुजारी जय नारायण जोशी ने उतारी .

एक नजर में

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करता बजट -नीना वर्मा विधायक

भाजपा नेताओं ने सराहा केंद्रीय बजट, सभी वर्गों को मिली प्राथमिकता

यह बजट हर वर्ग को राहत देने वाला समावेशी बजट है - नीलेश भारती जिलाध्यक्ष

धार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा रविवार को प्रस्तुत केंद्रीय बजट पर जिले में उत्साह का माहौल रहा। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष महंत नीलेश भारती के नेतृत्व में जिले के सभी मंडलों व प्रमुख स्थानों पर बजट का सीधा प्रसारण देखा गया। इसी क्रम में भाजपा जिला कार्यालय धार पर विधायक श्रीमती नीना वर्मा डॉ शरद विजयवर्गीय भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा जिला टोली सदस्य मोहित तातेड़ मंडल अध्यक्ष विशाल निगम ने भाजपा कार्यकर्ता व्यापारी के साथ केंद्रीय बजट को सुना।

भाजपा नेताओं ने बजट की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सभी वर्गों—युवा, महिला, किसान, व्यापारी व गरीब—के कल्याण के साथ देश को प्रगति पथ पर ले जाने वाला ऐतिहासिक है।

भाजपा जिला अध्यक्ष महंत भारती ने बताया कि विश्वास पर आधारित विकास का बजट है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का बजट। यह आने वाले 10 वर्षों में भारत की दिशा तय करने वाला है। यह बजट हर वर्ग—किसान, युवा, महिला, उद्योगपति व व्यवसायी—को राहत देने वाला समावेशी बजट है। यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम है।

> विधायक नीना वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीके नेतृत्व में 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करता बजट है।यह बजट भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ममता जोशी जिला पदाधिकारी अमृत जैन श्रीमती राखी राय मनीष प्रधान सोनू रघुवंशी युवा मोर्चा जिला महामंत्री अंकित भावसार मंडल महामंत्री अमित शर्मा डॉ शैलेन्द्र तिवारी कालीचरण सोनवानिया बादल मालवीय देवेंद्र रावल सन्नी होडा प्रतिभा शर्मा मंजुला बघेल अनुसुईया वैष्णव अल्पना जोशी डाली जाधव समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी शर्मा ने दी।